हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

11 शहीद उधम सिंह को अजा संघर्ष समिति ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



12 कनीना में तीसरे दिन हुई 59 एमएम बरसात...



# दूसरे दिन एचटेट परीक्षा में परीक्षार्थियों की 85 फीसदी रही हाजिरी, अब परिणाम का रहेगा इंतजार





नारनौल। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की सहायता करती महिला पुलिस कर्मी व एचटेट परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते डीसी डॉ. विवेक भारती।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा पात्रता परीक्षा (एचटेट) में दूसरे दिन वीरवार लेवल–2 टीजीटी व लेवल–1 पीआरटी परीक्षा हुई। इसके लिए महेंद्रगढ़ में सुबह व शाम दो शिफ्ट और नारनौल में सुबह की शिफ्ट में परीक्षा करवाई गई। सुबह की शिफ्ट में महेंद्रगढ़ व नारनौल के परीक्षा सेंटरों में 11 हजार 101 को परीक्षा देनी थी। जिसमें से 9703 हाजिर रहे और 1398 गैरहाजिर रहे। इसी तरह शाम की शिफ्ट में 3791 के मुकाबले 3098 ने परीक्षा दी।

वहीं 693 गैरहाजिर रहे। कुल मिलाकर दोनों शिफ्टों की परीक्षा का आंकलन करें तो 14 हजार 891 में से 12 हजार 801 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 2091 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

### एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

एचटेट परीक्षा जिले में पुलिस के कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने स्वयं मोर्चा संभाला और परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए लगातार विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और यातायात प्रबंधन का भी जायजा लिया ताकि परीक्षार्थियों और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएसपी सहित थाना प्रबंधक भी लगातार गश्त करते रहे और व्यवस्थाओं को संभाला। परीक्षा के दौरान हुई बारिश के बावजूद, पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे।

### जिले में हरियाणा पात्रता परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित हरियाणा पात्रता परीक्षा (एचटेट) जिले भर में पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने खुद दिनभर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित किया। इस सफल आयोजन के पीछे हरियाणा सरकार की दूरदर्शिता और जिला प्रशासन की मुस्तैदी की अहम भूमिका रही। सरकार के स्पष्ट निर्देशों का पालन करते हुए जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा। जिसकी परीक्षार्थियों ने सराहना की। परीक्षा के दौरान कुछ स्थानों पर परीक्षार्थी अनजाने में गलत केंद्र पर पहुंच गए थे, लेकिन जिला पुलिस अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके सही परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने की त्वरित व्यवस्था की। परीक्षा के अंतिम दिन नारनौल में सुबह की पारी तथा महेंद्रगढ़ में सुबह व शाम दोनों पारियों में परीक्षाएं आयोजित की गई।

### इन सेंटरों पर परीक्षा देंगे परीक्षार्थी

| परीक्षा केंद्र | हाजिर | गैरहाजिर | शाम हाजिर | गैरहाजिर |
|---|---|---|---|---|
| अरावली स्कूल माजरा खुर्द | 269 | 43 | 262 | 50 |
| बाबा नारायणदास स्कूल खातोदड़ा | 536 | 88 | 487 | 137 |
| ब्वॉयज कॉलेज महेंद्रगढ़ | 550 | 74 | 491 | 133 |
| महिला कॉलेज महेंद्रगढ़ | 537 | 87 | 523 | 101 |
| हैप्पी स्कूल डूलाना रोड | 536 | 88 | 514 | 110 |
| आरपीएस कॉलेज बलाना | 541 | 83 | 524 | 100 |
| आरपीएस स्कूल खातोद | 795 | 141 | 297 | 62 |
| सरबती स्कूल, गौशाला रोड | 281 | 31 | —— | —— |
| श्रीकृष्णा स्कूल, राव तुलाराम चौक | 824 | 112 | —— | —— |
| सूरज डिग्री कॉलेज बुचौली रोड | 277 | 35 | —— | —— |
| टैगोर स्कूल, माजरा खुर्द | 547 | 77 | —— | —— |
| विजय स्कूल, बलाना | 273 | 39 | —— | —— |
| संस्कार भारती डिग्री कॉलेज, पाली | 270 | 42 | —— | —— |
| केडी डिग्री कॉलेज, पाली | 261 | 51 | —— | —— |
| गुरू कॉलेज, महेंद्रगढ़ | 267 | 45 | —— | —— |
| मॉडल संस्कृति स्कूल, महेंद्रगढ़ | 272 | 40 | —— | —— |

### नारनौल शहर में सुबह की शिफ्ट में हुई परीक्षा

| सेंटर | परीक्षार्थी | हाजिर | गैर हाजिर |
|---|---|---|---|
| बीपीएस स्कूल, कुलताजपुर रोड नारनौल | 624 | 277 | 62 |
| सीएल स्कूल, हुडा सेक्टर नारनौल | 312 | 279 | 33 |
| मॉडल संस्कृति स्कूल, नारनौल | 312 | 280 | 32 |
| एचपीएस स्कूल नांगल चौधरी रोड | 624 | 544 | 80 |
| एमएलएस डीएवी स्कूल नारनौल | 493 | 431 | 62 |
| पीजी कॉलेज नारनौल | 624 | 571 | 53 |

## खबर संक्षेप

### पिता पुत्र से मारपीट मामले में दो नामजद

**कनीना।** सिटी थाना अंतर्गत गांव कोटिया में हुए आपसी झगड़े में पिता पुत्र घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराने उपरांत पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस बारे में हवासिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर के समीप गली में घास काट रहा था, तभी उसका चाचा अपने पुत्र के साथ वहां आ गया। गाली ग्लोच करने लगे तो, उसका पिता जिलेसिंह भी वहां आ गया। आरोप है कि बिजेंद्र सिंह व उसके पुत्र मनोज ने उनके साथ मारपीट की। जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने हवासिंह की शिकायत पर आरोपित बिजेंद्र व मनोज पर केस दर्ज छानबीन शुरू कर दी है।

### ईसीएचएस पॉलिक्लिनिक में बस ठहराव की मंजूरी

**महेंद्रगढ़।** कनीना रोड पर स्थित ईसीएचएस पॉलिक्लिनिक में इलाज के लिए आने वाले भूतपूर्व सैनिकों को बस ठहराव की सुविधा न होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, परंतु अब डीसी के आदेश पर बसों के ठहराव को मंजूरी दे दी गई है। गांव भालखी में 30 जून को उपायुक्त के रात्रि कैंप में गांव भालखी निवासी पूर्व सूबेदार चंदगीराम यादव ने उपायुक्त को लिखित में पत्र देकर बसों के ठहराव की मांग की थी।

### नांगल में देशी घी का भंडारा तीन को

**मंडी अटेली।** गांव नांगल में तीन अगस्त को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए गांव के निवासी सज्जन कुमार ने बताया कि भंडारे की पुर्व संध्या पर हरियाणवी कलाकार सुभाष बोस एंड पार्टी बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे तथा आलोकिक झांकियां निकाली जाएगी। वहीं देशी घी के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों ने इस भंडारे में आम नागरिकों से ज्यादा से ज्यादा प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## आरोपी ने डिकॉय पेशेंट को 20 हजार में गर्भपात करवाने की रखी बात

# राजस्थान में जाकर पकड़ा भ्रूण लिंग जांच गिरोह

आरोपित पर पहले से ही पीएनडीटी से जुड़े दो मामले राजस्थान के झुंझनू न्यायलय में चल रहे है। रातभर राजस्थान टीम के साथ नारनौल टीम ने भागदौड़ कर तीन आरोपितों को काबू किया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी टीम ने राजस्थान में जाकर भ्रूण लिंग जांच गिरोह का पर्दाफाश किया है। जिस डिकॉय पेशेंट व उसके केयर टेकर को 50 हजार की राशि देकर भेजा गया। वह राशि भ्रूण लिंग जांच में शामिल गिरोह के सदस्यों के पास टीम ने बरामद की। यहीं नहीं, जिस आरोपित ने महिला के भ्रूण में लड़की होना बताया, उसने महिला को 20 हजार में ही गर्भपात गिराने की भी मंशा जाहिर की।

इसी आरोपित पर पहले से ही पीएनडीटी से जुड़े दो मामले राजस्थान के झुंझनूं न्यायलय में चल रहे है। रातभर राजस्थान टीम के साथ नारनौल टीम ने भागदौड़ कर तीन आरोपितों को काबू किया है। इस मामले में सदर थाना में आरोपित अमित बदोपुर, उमेश अचीना, भरत शर्मा रामनगर व रवि बसावता के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 61, पीएनडीटी 5 (2),4(4),29,3 के तहत केस दर्ज किया गया है।

पीएनडीटी के जिला नोडल अधिकारी डा. विजय कुमार यादव ने सदर थाना में शिकायत दी है। इस शिकायत में उन्होंने बताया है कि जिला समुचित प्राधिकरण पीएनडीटी नारनौल को एक गुप्त सूचना 29 जुलाई को मिली। सूचना में पता चला कि एक भ्रूण लिंग जांच करने वाला गिरोह जिला से सटे राजस्थान के सिंघाना क्षेत्र में सक्रिय है। सूचना के आधार पर जिला समुचित प्राधिकरण पीएनडीटी नारनौल द्वारा एक टीम का गठन बुधवार को किया गया। इसमें पीएनडीटी के जिला नोडल अधिकारी डा. विजय कुमार यादव व सिविल सर्जन कार्यालय से लिपिक प्रवीण को नियुक्त किया गया। उसके बाद एसपी से बातचीत करने पर एक जिला पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त रेड के लिए एक डिकॉय पेशेंट की सहमति से टीम में शामिल किया गया।



नारनौल। पकड़े गए आरोपित के साथ पीएनडीटी टीम। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। आरोपितों के पास मिला सामान।

### क्या कहते है सिविल सर्जन

*सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक संवेदनशील सामाजिक मिशन है, जिसे हम पूरी निष्ठा से लागू कर रहे हैं। हरियाणा सरकार का स्वास्थ्य विभाग इस तरह की अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए विभिन्न स्रोतों से सूचनाएं संकलित कर कार्यवाही कर रहा है। पीसीपीएनडीटी पोर्टल पर निरंतर डाटा फीडिंग, यूआईडी ट्रैकिंग, डिकॉय ऑपरेशन, पंजीकरण व लाइसेंस मॉनिटरिंग जैसे उपायों से प्रभावी निगरानी की जा रही है। यह सफलता इसी नीति का परिणाम है।*

### भ्रूण की जांच करने वाले आरोपित रवि तक पहुंची टीम



आरोपित भरत के कहे अनुसार टीम आरोपित रवि के मुर्गे फार्म गांव बसावता झुंझुनूं पर पहुंची। मौके पर आरोपित डॉक्टर रवि को दबोच लिया और वहीं पर खड़ी उसकी गाड़ी से एक पर्स मिला, जिसमें पांच सौ के 26 नोट मिले। फार्म की तलाशी के दौरान आरोपति के कमरे में एक एचपी का लैपटॉप, एक टेबलेट, मोबाइल टेबलेट, निकॉन कूलपिक्स लाल रंग का मिला। फार्म की तलाशी में अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं मिली। आरोपति रवि ने बताया कि मशील उसका दोस्त आरोपित अंतर कुमार वासी पिचाना झुंझुनूं लेकर गया है। टीम जब वहां पहुंची तो अंतर कुमार वहां से फरार हो चुका था। उसके बाद राजस्थन पीसी पीएनडीटी टीम के साथ मिलकर सभी आरोपितों व डिकॉय के बयान लिए गए, जिसमें डिकाय को भ्रूण लिंग जांच आरोपित डाक्टर रवि सिंह द्वारा उसके गर्भ में लड़की होना बताया गया। डिकॉय ने बयान में बताया कि आरोपित डा रवि सिंह ने 20 हजार रुपये में गर्भपात करवाने का भी प्रलोभन दिया। शिकायत में बताया गया है कि रवि सिंह आदतन पीसी पीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करता रहा है। आरोपित के विरूद्ध झुंझुनूं जिला न्यायलय में दो मामले केस नंबर 2679/2017 व 617/2019 अंतर्गत पीसी पीएनडीटी एक्ट विचाराधीन है।

### अमित बदोपुर के जुड़े थे राजस्थान में गिरोह से तार

सूचना देने वाले ने अमित कुमार वासी बदोपुर से बातचीत की और डिकॉय पेशेंट केयर टेकर के साथ गांव बदोपुर पहुंचे। वहां अमित मिला। अमित ने खुद के मोबाइल से एक दलाल उमेश वासी शिमला राजस्थान से बातचीत की। कुछ समय बाद उमेश बदोपुर गांव पहुंचा। डिकॉय पेशेंट ने गवाहों द्वारा हस्ताक्षरित पांच सौ नोटों के पचास हजार रुपये अमित को सौप दिए। इन 50 हजार रुपये में से कुछ रुपये अमित ने अपने पास रख लिए और बाकी के रुपये उमेश को सौप दिए। इसके बाद उमेश डिकॉय पेशेंट को एक बिना नंबर प्लेट बाली बाइक पर बैठाकर समीपवर्ती गांव शिमला की तरफ चला गया। टीम ने उमेश का पीछा किया किंतु कुछ दूरी बाद दोनों आंखों से ओझल हो गए। टीम ने जिला झुंझुनूं के सीएमएचओ डाक्टर छोटेलाल गुर्जर से संपर्क किया। सारी घटना की जानकारी दी गई। सीएमएचओ ने थोड़ी देर बाद फोन पर बताया कि आपकी सहायता के लिए जिला पीसी पीएनडीटी नोडल अधिकारी डा. दयानंद एवं कॉर्डिनेटर आनंद कुमार की टीम सिंघाना के लिए रवाना हो गई है।

### राजस्थान स्वास्थ्य कर्मी भी गिरोह में शामिल

वहीं टीम डिकॉय व उमेश का पीछा करते गांव शिमला पहुंची। करीब एक घंटे बाद डिकॉय पेशेंट आरोपित उमेश के साथ उसी बाइक पर गांव शिमला से बदोपुर की तरफ जाते नजर आए। टीम ने उमेश को मौके पर दबोच लिया। आरोपित अमित मौके से फरार हो गया। आरोपित उमेश टीम को लेकर अपने निवास गांव शिमला पहुंचा। जहां पर डिकॉय पेशेंट का भ्रूण लिंग जांच परीक्षण हुआ था। पूछताछ करने पर आरोपित उमेश ने बताया कि भरत शर्मा वासी रामनगर अलवर हाल आबाद गांव शिमला से उसकी बातचीत है वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ठाठवाड़ी झुंझुनूं में वार्ड अटेडेंट पद पर कार्यरत है और सिंघाना से किसी डाक्टर को बुलाकर भ्रूण लिंग जांच करवाता है। टीम उमेश को लेकर राजकीय अस्पताल शिमला के क्वार्टर में पहुंची, जहां आरोपित भरत मौजूद था। उसके पास से पांच सौ के वहीं नोट 26 बरामद किए गए। भरत से पूछताछ पर उसने बताया कि उसने डॉक्टर रवि वासी बसावता झुंझुनूं से यह लिंग जांच करवाई है। इसके बाद आरोपित उमेश व भरत को लेकर सिंघाना के लिए आरोपित डाक्टर रवि को ढुंढने के लिए टीम निकली।



# गुरुग्राम विजीलेंस ने मुंशी को पकड़ा, 1 लाख मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गुरुग्राम विजिलेंस ने साइबर फ्रॉड के मामले में साइबर थाना गुरुग्राम को पैसे पहुंचाने वाले बिचौले को गिरफ्तार किया है। यह बिचौला नारनौल कोर्ट में एक प्रतिष्ठित वकील के यहां मुंशी का काम करता है तथा वह खुद एलएलबी भी कर रहा है। वीरवार आरोपित को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसको न्यायिक हिरासत लिया गया है।

नारनौल शहरी क्षेत्र गांव ढाणी किरारोद के सचिन नामक व्यक्ति फोन नंबरों का इस्तेमाल एक साइबर फ्रॉड करने वाले व्यक्ति ने कर लिया। वह व्यक्ति गुरुग्राम पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उस व्यक्ति ने नारनौल निवासी सचिन का भी नाम ले दिया। जिसके बाद साइबर थाना गुरुग्राम ने सचिन को भी उक्त मामले में शामिल कर लिया तथा सचिन का नाम मामले में शामिल कर लिया।

सचिन ने अपना नाम कटवाने के लिए गुरुग्राम विजिलेंस से बात की। इस पर गुरुग्राम विजिलेंस के

### मुंशी को रंगे हाथों पकड़ा

एक लाख रुपये मांगने पर सचिन ने इसकी शिकायत गुरुग्राम विजिलेंस को कर दी। जिसके बाद गुरुग्राम विजिलेंस ने नारनौल आकर मुंशी को रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़ने के बाद गुरुग्राम विजिलेंस की टीम आरोपित को अपने साथ पूछताछ के लिए लेकर गई। आरोपित मुंशी को शाम को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसको न्यायिक हिरासत में लिया गया। वहीं उसका नागरिक अस्पताल में मेडिकल भी कराया गया। इस मामले में गुरुग्राम साइबर थाने के विनोद व संदीप को अभी विजिलेंस गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

विनोद व संदीप ने कहा कि वह नारनौल कोर्ट में एक वकील के मुंशी हिमांशु से संपर्क कर लें। जब सचिन ने हिमांशु से संपर्क किया तो हिमांशु ने कहा कि वहां पर एक लाख रुपये पहुंचाने हैं, काम हो जाएगा।

हिमांशु वकील के पास बैठने के साथ-साथ एलएलबी भी कर रहा है, मगर अभी उसका वकालात का लाइसेंस नहीं बना है।

### गोड्डा-दौराई साप्ताहिक रेलसेवा मार्ग परिवर्तित रहेगी

**नारनौल।** उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर मंडल के फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखण्ड के मध्य अटेली-काठूवास-कुण्ड स्टेशनों पर दोहरीकरण कार्य के कारण नॉन-इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गोड्डा-दौराई (अजमेर) साप्ताहिक रेलसेवा मार्ग परिवर्तित रहेगी। गाड़ी संख्या 19604 गोड्डा-दौराई (अजमेर) साप्ताहिक रेलसेवा 26 अगस्त को (01 ट्रिप) गोड्डा से प्रस्थान करेगी। यह अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।



कनीना। पैमाइश कर निशानदेही करते भू राजस्व विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# हाईकोर्ट के आदेश पर गली की हुई पैमाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर उपमंडल प्रशासन कनीना की ओर से विवादित समझी जाने वाली गलि की पैमाइश की गई। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत के दिशानिर्देशन में भू राजस्व विभाग की तहसीलदार पायल यादव, नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, कानूनगो उमेद सिंह, राजसिंह, हलका पटवारी की ओर से रेवाड़ी रोड पर मशीन से पैमाइश कर निशानदेही की गई। आगामी 11 अगस्त से पूर्व पैमाइश की रिपोर्ट हाईकोर्ट में दाखिल की जाएगी।

## स्कूली वाहनों के वार्ड में एंट्री नहीं करने से छोटे बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

# नवनिर्मित सड़क धंसने से आवासीय मकानों की नींव में जलभराव, हादसों की आशंका

- अभिभावकों ने जिला प्रशासन से समाधान कराने की लगाई गुहार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नगर पालिका के वार्ड नंबर 13 (ढाणी कुंभावाली) में बरसाती पानी के बहाव से सड़क धंस गई। गड्ढों में जलभराव होने से मकानों की नींव में दलदल होने का खतरा बढ़ गया। जिससे चिंतित ग्रामीणों ने नपा प्रशासन को समस्या से अवगत करवा दिया, इसके बावजूद रिपेयर की प्रक्रिया अटकी हुई है। आक्रोशित लोगों ने तत्परता पूर्वक सड़क की रिपेयर करने की गुहार लगाई है, अन्यथा नपा कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का अल्टीमेटम दिया है।

पार्षद धर्मबीर यादव ने बताया कि नपा प्रशासन ने बीते महीने रास्ते का पक्का निर्माण कराया था, लेकिन उस दौरान नालियों का निर्माण ढलान के अनुसार नहीं हुआ। थोड़ी बारिश होते ही रास्ते में दो से तीन फीट जलभराव की समस्या होने लगती है। अब दो दिनों से लगातार हो रही बारिश का पानी वार्ड की फिरनी में एकत्रित हो गया। पानी का रिसाव होने से मकानों के साथ लगती सड़क धंस गई। बारिश का पानी आवासीय मकानों में नींव में जमा होने लगा है। जिस कारण दीवार में सीलन आनी आरंभ हो गई। कई मकानों की फर्श में से पानी निकलने लगा है। जिससे लोगों का जानलेवा हादसे की चिंता सताने लगी है। परेशान लोगों ने नपा सचिव व कनिष्ठ अभियंता को सड़क धंसने की घटना से अवगत करवा दिया। इसके बावजूद उन्होंने अभी तक मौका निरीक्षण तक नहीं किया है।

### गटर में पानी रिसने से धंसी सड़क, रिपेयर प्रक्रिया शुरू

नपा के कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि आमरास्ते में कुछ मकान मालिकों ने गटर निर्माण करवा लिया। उसी गटर के ऊपर से रास्ते का पक्का निर्माण करवा दिया। अब बारिश होने से गटर में पानी रिसाव हो गया।। जिस कारण सड़क धंसी है। सूचना मिलते ही क्षतिग्रस्त सड़क की रिपेयर आंरभ करवा दी तथा जल्द ही नालियों का पक्का निर्माण तथा अन्य विकास कार्यों के टैंडर छोड़े जाएंगे।



नांगल चौधरी। बारिश के पानी बहाव से धंसी हुई सड़क। फोटो : हरिभूमि

### घटिया सामग्री इस्तेमाल का आरोप

आक्रोशित वार्ड वासियों ने सुबह बैठक की। जिसमें नपा प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया गया। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया है, साथ ही मिट्टी के भर्ती को रोलर की मदद से जमाया नहीं। जिस कारण बारिश के जलभराव में सड़क धंसनी शुरू हो गई। जल्द ही रिपेयर नहीं कराई गई तो लोगों के मकान गिरने का खतरा उत्पन्न हो जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से रास्तों की क्रॉसिंग नालियों पर लोहे की जाली लगाने, नालियों की रिपेयर कराने, वार्ड की सफाई को दुरुस्त करने व श्मशान घाट में टीनशेड का निर्माण कराने की मांग की है।

वे दोस्त ही होते हैं, जो पग-पग पर हमारा साथ देते हैं। खुशी हो तो साथ आकर खुशियां दुगनी कर देते हैं, दुख हो तो बांट कर कम कर देते हैं। कैसी भी समस्या हो, साथ देकर उसे खत्म कर देते हैं। दोस्ती हर बच्चे के लिए अनमोल उपहार होती है।



# प्यारे दोस्त प्यारी दोस्ती

फीलिंग्स
मोनिका शर्मा

बच्चो, क्लास मिस हो जाने पर एक्टिविटीज की इंफॉर्मेशन देने की बात हो या शाम को गली में खेलने के लिए तुम्हारा इंतजार करना हो या फिर कभी अगर तुम्हें चोट लग जाए तो तुम्हें सहारा देकर घर पहुंचाना हो या फिर क्लास में अपने टिफिन में तुम्हारी पसंद का खाना लाना हो। इतना ही नहीं, टीचर की डांट पड़ने पर इशारों-इशारों में 'इट्स ओके' का रिएक्शन देना हो या स्कूल बस में सीट रोकने की बात हो। तुम्हारे लिए ये सब कौन करता है? तुम्हारे फ्रेंड्स न! ऐसी लविंग-केयरिंग, शेयरिंग वाली एक्टिविटीज के पीछे एक प्यारा-सा रिलेशन होता है- फ्रेंडशिप। फ्रेंड्स एक-दूसरे के लिए इतने स्पेशल होते हैं कि उनके लिए कुछ एक्स्ट्रा करने का मन करता ही है। तभी तो दोस्ती को दुनिया का सबसे प्यारा रिश्ता कहा गया है।



### दोस्ती में ऊंच-नीच नहीं होता



दोस्ती में फन भी होता है और फेवर भी। शिकायतें भी होती हैं और परवाह भी। मिलकर मस्ती करने वाले इस प्यारे जुड़ाव में दोस्त की मदद करने की सोच भी बहुत गहरी होती है। दोस्ती में कोई ऊंच-नीच भी नहीं होता। दिल से एक-दूसरे को पसंद करना ही हमें मित्रता के बंधन में बांधता है। बच्चो, घर के बड़ों से भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता के बारे में तो तुमने जरूर सुना होगा। भगवान कृष्ण अपने मित्र सुदामा से बहुत प्रेम करते थे, उनका बहुत सम्मान करते थे।

### प्यारा-सा गिफ्ट है फ्रेंडशिप

फ्रेंडशिप एक बहुत प्यारा और सुंदर गिफ्ट है, जिसके पैकेज में हंसी, खुशी, मौज-मस्ती और रेस्पेक्ट सब कुछ होता है। जब हम किसी मुश्किल में होते हैं, तो हमारे फ्रेंड्स हमारा साथ देते हैं। फ्रेंड्स जरूरत पड़ने पर हेल्प करते हैं। गलती होने पर समझाते हैं। कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। जैसे तुम होमवर्क-क्लासवर्क की कॉपी शेयर करके एक-दूसरे की मदद करते हो। पढ़ाई में हेल्प करते हो। क्राफ्ट मेकिंग में आइडियाज देते हो। वैसे ही लाइफ के हर एज में फ्रेंड्स एक-दूसरे को बहुत प्यार के साथ हेल्प करते हैं। इसीलिए अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा प्यार से रहना चाहिए। फ्रेंड्स को यह बताना चाहिए कि तुम उनसे कितना प्यार करते हो। याद रखो, जिंदगी के हर फ्रंट पर दोस्ती का रिश्ता बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

### फैमिली मेंबर सा फ्रेंड

बच्चो, यह बात कितनी प्यारी है न कि धीरे-धीरे फ्रेंड हमारे फैमिली मेंबर जैसे हो जाते हैं। एक-दूसरे के घर आना-जाना और साथ खेलना दोस्ती को और गहरा बनाता है। इससे आपसी अंडरस्टैंडिंग अच्छी बनती है। अपने दोस्त के फैमिली मेंबर्स की भी हमें रेस्पेक्ट करनी चाहिए। अपने मम्मी-पापा की तरह अपने फ्रेंड के पैरेंट्स



और बड़ों को भी खूब रेस्पेक्ट देनी चाहिए। अपने फ्रेंड को बहुत प्यार से अपने घर बुलाना चाहिए। फ्रेंड के घर जाओ तो वहां तुम्हें खूब प्यार से, सलीके से रहना चाहिए। सबका अभिवादन करना चाहिए।

### जरूरी है बैलेंस्ड बिहेवियर

दोस्तों से मेलजोल के समय अच्छा और बैलेंस्ड बिहेवियर बहुत जरूरी है। अपने फ्रेंड के इमोशंस को समझने के साथ ही अपनी लिमिट्स को भी जानना चाहिए। साथ खेलते, पढ़ाई करते या एंज्वॉय करते समय कभी भी फ्रेंड्स या उनके फैमिली मेंबर्स का मजाक नहीं बनाना चाहिए। बात-बात में टांग खिंचाई करना अच्छी बात नहीं होती। दिल से दोस्ती करो। हमेशा पॉजिटिव रहो और फ्रेंडशिप की प्यारी-प्यारी बातों को खूब एंज्वॉय करो। *

### कुट्टी की करो छुट्टी




**वैसे तो** दोस्ती में कोई रूल नहीं होता पर एक रूल जरूर बना लो। कभी भी आपस में नाराजगी हो जाए, तो फटाफट अपने फ्रेंड को मना लेना। सबसे पहले कुट्टी की छुट्टी करनी है। कई बार छोटी-सी बात पर फ्रेंड्स गुस्सा हो जाते हैं, यह सही नहीं है। किसी दोस्त से अगर कोई गलती हो जाए, तो उसकी गलती को इग्नोर कर उसे गले लगा लेना चाहिए। खुद से कोई गलती हुई हो तो सॉरी कहने में देर ना करो। एक-दूसरे की पसंद-नापसंद को समझने, प्यार से रहने और मोटिवेट करने से कोई दोस्त कभी नाराज नहीं होता। फिर भी किसी फ्रेंड के रूठ जाने पर मनाने में देरी नहीं करनी चाहिए। यह तुम्हारी दोस्ती को और भी पक्का करने वाला कदम होगा। प्यारे बच्चो, केयरिंग-शेयरिंग ही फ्रेंडशिप की बुनियाद है।

बच्चो, इंसान ही नहीं, एनिमल्स भी आपस में दोस्त होते हैं। किस एनिमल की किस दूसरे एनिमल से दोस्ती होती है, ये अपनी दोस्ती कैसे निभाते हैं, जानो।

# एनिमल्स की अनोखी फ्रेंडशिप

रोचक
शिखर चंद जैन



बच्चो, इंसान ही नहीं कुछ एनिमल्स भी दोस्ती निभाने में पीछे नहीं होते। देखा जाता है, एक-दूसरे की जरूरत पूरी करने वाले दो भिन्न प्रजातियों या समूहों के जीव-जंतुओं में गहरी दोस्ती का रिश्ता होता है। यहां हम तुम्हें बता रहे हैं डिफरेंट स्पिशीज के कुछ रियल फ्रेंड्स के बारे में, जो एक-दूसरे का सहारा बनकर पूरी जिंदगी दोस्ती निभाते हैं।

**जेब्रा और शुतुरमुर्ग:** अफ्रीका के जंगलों में जेब्रा और शुतुरमुर्ग के झुंडों को साथ-साथ विचरण करते देखा जा सकता है। ये एक-दूसरे को खतरनाक जानवरों या शिकारियों के खतरे से



आगाह करते हैं। एक तरफ जहां शुतुरमुर्ग की सुनने और सूंघने की क्षमता कम होती है, वहीं जेब्रा की नजर कमजोर होती है। जेब्रा अपनी सुनने की अतिरिक्त क्षमता से किसी भी खतरे के प्रति शुतुरमुर्ग को भी सतर्क कर देता है। उधर दूर तक देखने की क्षमता रखने वाला शुतुरमुर्ग, जेब्रा को आने वाले खतरों से सावधान करता है।

**क्लाउन फिश और एनिमोन:** रत्न ज्योति यानी एनिमोन एक समुद्री जंतु है, जो आमतौर पर चट्टानों से चिपका रहता है। जबकि क्लाउन फिश एक मछली है। इन दोनों का याराना इतना गहरा होता है कि लोग इनका नाम भी एक साथ जोड़कर लेते हैं-एनिमोनफिश। एनिमोन अपनी लंबी डंकनुमा भुजाओं से शिकार पर विष छिड़क कर उसे मार डालता है। इस जहर से क्लाउन फिश को कोई नुकसान नहीं होता। वह तो एनिमोन की लंबी भुजाओं में सुरक्षित बैठी रहती है और उसकी साफ-सफाई करती रहती है। उसके कारण किसी प्रकार के पैरासाइट एनिमोन की भुजाओं को नुकसान नहीं पहुंचा पाते। साथ ही वह एनिमोन के लिए खुद को चारे की तरह प्रस्तुत करके उसके लिए शिकार को ललचाती है। इस प्रकार दोनों को इस दोस्ती का फायदा होता है। *

### हनीगाइड बर्ड इंसान को पहुंचाती है मधुमक्खी के छत्ते तक

अफ्रीका में पाई जाने वाली चिड़िया हनीगाइड, इंसानों की अच्छी दोस्त मानी जाती है। जंगलों में शहद की खोज करने वालों को यह चिड़िया मधुमक्खियों के छत्तों तक पहुंचाने का काम बखूबी करती है। यह मधुमक्खी के छत्ते की ओर इंसान का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक पेड़ से



दूसरे पेड़ पर फुदकती हुई छत्ते की दिशा बताती है। इससे जहां इंसान को शहद मिल जाता है, वहीं चिड़ियों को मधुमक्खी के छत्ते से वैक्स, लार्वा आदि की शानदार दावत मिल जाती है। बच्चो, है ना यह मजेदार बात!

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## बाघ मामा, सियार भांजा लड़ा रहे हैं कहानियों में पंजा

बच्चो, जब तुम्हारे दादाजी-दादीजी कहानी सुनाते हैं तो बड़ा मजा आता है। कुछ ऐसा ही मजा तुम्हें मिलेगा, जब तुम पढ़ोगे- बुलबुल की किताब। इस किताब में तुम्हारे लिए छब्बीस कहानियां हैं। इनमें से कुछ कहानियों में सियार हीरो है, जो बाघ को मामा भी कहता है और उसको बेवकूफ भी बनाता है। ये कहानियां शक्ति पर युक्ति यानी बल पर बुद्धि की जीत बताती है। पहली कहानी 'बुलबुल और बिल्ली' में तुम्हें पता चलेगा कि प्यारी सी बुलबुल अपने बच्चों की रक्षा दुष्ट बिल्ली से कैसे करती है। 'बुलबुल और राजा' कहानी में यही बुलबुल राजा से पंगा लेती है। 'नरहरि दास' कहानी पढ़ोगे तो पता चलेगा कि एक मेमना किस तरह जंगल में सारी मुसीबतों का सामना करते हुए घर लौटता है। ये कहानियां सौ साल से भी पहले लिखी गई थीं, इन्हें बांग्ला भाषा में लिखा था मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजित राय के दादाजी उपेंद्र किशोर रायचौधुरी ने। लेकिन आज भी ये कहानियां बेमिसाल हैं। उनकी एक कहानी पर 'गोपीगाइन बाघाबाइन' नाम से बच्चों की एक लोकप्रिय फिल्म भी बन चुकी है। *



**किताब :** बुलबुल की किताब, **लेखक :** उपेंद्र किशोर रायचौधुरी, **मूल्य :** 100 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादेमी, दिल्ली

## फिर बने दोस्त

राघव और माधव की बहुत गहरी दोस्ती थी। लेकिन कुछ ऐसी गलतफहमी हुई कि राघव ने माधव से बोलना छोड़ दिया। माधव ने राघव को बहुत समझाने की कोशिश की लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार ना था। माधव इस बात से बहुत ज्यादा दुखी था। लेकिन एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि दोनों फिर से दोस्त बन गए।





कहानी
उषा सोमानी

राघव और माधव दोनों पक्के दोस्त थे। दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थे। स्कूल में बच्चे उन्हें 'सरगम' के नाम से पुकारते थे। राघव बहुत सुरीला गाता और माधव संगत देता। उनकी सुरीली जुगलबंदी देखकर, सब के मुंह से 'वाह-वाह' निकलता। माधव की अंगुलियां वाद्य यंत्रों पर ऐसे थिरकतीं कि देखने वाला पलक झपकाना ही भूल जाता।

राघव-माधव के स्कूल में खेलकूद सप्ताह चल रहा था। फुटबॉल का मैच था। राघव और माधव दोनों अपनी-अपनी टीम के कैप्टन थे। राघव की टीम जीत रही थी। बच्चे तालियां बजाकर दोनों टीम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। अचानक माधव और राघव टकरा गए। राघव धड़ाम से जमीन पर जा गिरा। उसका पैर मुड़ गया। वह असहनीय पीड़ा से कराहने लगा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने एक्स-रे किया तो पता चला कि उसके पांव में फ्रेक्चर था। राघव और उसके माता-पिता को लगा कि राघव की टीम जीत रही थी, इसलिए माधव ने जान बूझकर राघव को धक्का दिया। उन्होंने माधव को बहुत भला-बुरा कहा। साथ ही राघव को माधव के साथ बोलने से मना कर दिया। माधव ने अपने को निर्दोष साबित करने का बहुत प्रयत्न किया परंतु वह असफल रहा।

राघव के पांव में प्लास्टर बंधे होने के कारण वह स्कूल नहीं आ रहा था। माधव अपने दोस्त की पढ़ाई में हो रहे नुकसान से बहुत चिंतित था। वह स्कूल का गृह कार्य लेकर राघव के घर गया, परंतु उसने माधव से बात करने से मना कर दिया। माधव मन मसोसकर लौट आया।

कुछ दिनों बाद राघव का प्लास्टर खुल गया। वह स्कूल आने लगा। माधव ने उसे पढ़ाए गए पाठ का दोहराव कर, समझाने का प्रस्ताव रखा, परंतु राघव ने मुंह फेर लिया। माधव अपने प्रिय दोस्त के नाराज होने से बहुत दुखी था। वह कक्षा में भी गुमसुम बैठा रहता। कक्षा के अन्य सहपाठियों ने दोनों में सुलह कराने की कोशिश की परंतु राघव ने किसी की भी बात नहीं सुनी।

तभी कक्षा में इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन के लिए सूचना आई। राघव सोचने लगा, उसकी और माधव की जोड़ी इन प्रतियोगिताओं में प्रथम आती रही है। वह माधव से बात नहीं करता, तो उसके साथ सहभागिता कैसे करेगा? उसने तय किया कि वह इस बार भाग नहीं लेगा। क्लास टीचर को जब मालूम हुआ तब उन्होंने राघव को स्टाफ रूम में बुलाया, क्योंकि वह अपने स्कूल के ग्रुप साराभाई हाउस का कैप्टन था। क्लास टीचर ने पूछा, 'तुमने और माधव ने प्रतियोगिताओं में नाम नहीं लिखवाया? अरे! तुम दोनों साराभाई हाउस के स्टार हो।'

राघव निरुत्तर था। क्लास टीचर बोले, 'हर वर्ष की तरह म्यूजिक कॉम्पिटिशन के आरंभ में सरस्वती वंदना तुम्हें ही प्रस्तुत करनी है।'

राघव भारी मन से अपनी कक्षा की ओर चल दिया। वह इसी उधेड़बुन में था कि बिना संगीत के रियाज कैसे करेगा। तभी छुट्टी होने की घंटी बजी। उसने घर जाने के लिए कंधे पर बैग लटकाया। अपनी बस में बैठने के लिए स्कूल गेट से बाहर निकल कर सड़क पर आ रहा था। तभी माधव ने बिजली-सी फुर्ती से लपक कर उसे पकड़ा और सड़क के एक ओर खींच लिया। राघव ने देखा, वह तेजी से जाती हुई एक मोटर साइकिल से टकराने से बाल-बाल बच गया। माधव उससे बोला, 'तुम्हारा ध्यान कहां है? कक्षा में भी तुम चुपचाप बैठे थे, अभी मोटरसाइकिल से टकरा जाते तो?'

राघव, माधव से लिपट गया और रोने लगा, 'मुझे माफ कर दो।'

माधव ने अपनी अंगुली से उसके आंसू पोंछे और बोला, 'पगले रोता है? आज तो खुश होने का दिन है। हमें हमारी दोस्ती वापस मिल गई।'

राघव बोला, 'तुम्हें तो पता ही है कि इंटरक्लास कॉम्पिटिशंस हो रहे हैं। मैं सरस्वती वंदना गाऊंगा। तुम संगत दोगे, तब मानूंगा कि तुमने मुझे पूरी तरह माफ कर दिया।'

माधव चहक कर बोला, 'इस वर्ष की इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन में हम सुर से सुर मिलाकर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे।'

दोनों खिलखिलाकर हंसते हुए एक-दूसरे का हाथ पकड़े बस में चढ़ गए। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़




## मित्र हो तो ऐसा

कक्षा में आते ही सर ने,
रामचरन को किया इशारा।
नहीं दिखाई दिया दिनों से,
बेस्ट फ्रेंड इरफान तुम्हारा।।
ठीक कहा श्रीमान आपने,
चिंतित है मन बहुत हमारा।
पता नहीं क्या हुआ अचानक,
हफ्तों से बीमार बिचारा।।
सर बोले कक्षा में सबसे,
कुशल रहे इरफान हमारा।
हम सब मिलकर करें प्रार्थना,
ईश्वर देंगे उसे सहारा।।
सोमवार को विद्यालय में,
रामचरन देरी से आया।
क्यों देर हुई तुमको इतनी,
अध्यापक ने प्रश्न उठाया।।
इरफान बुलाता था मुझको,
संकट में थे उसके प्राण,
जान बचाने परम मित्र की,
करना था मुझको रक्त दान।।
पीठ ठोक कर गुरुवर बोले,
युग-युग जियो बहादुर बच्चे।
जो मित्रों का संकट हरते,
मित्र वही होते हैं सच्चे।।

## हंसगुल्ले



**टीचर**-तुमने अपना होमवर्क क्यों नहीं किया?
**भोलू**-मैम, मैंने जैसे ही होमवर्क करना शुरू किया लाइट चली गई थी।
**टीचर**-लाइट आने के बाद फिर क्यों नहीं किया?
**भोलू**- इसलिए क्योंकि मैंने सोचा कहीं मेरे होमवर्क शुरू करने से फिर से लाइट न चली जाए।

-आयुष, दुर्ग

## जीके क्विज-164



1. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
2. हाल ही में भारत की किस महिला चेस (शतरंज) प्लेयर ने फिडे महिला विश्व कप जीता?
3. राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है?
4. भारत का राष्ट्रीय संग्रहालय कहां स्थित है?
5. देश का प्रथम नागरिक और तीनों सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर कौन होता है?
6. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
7. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
9. मानव शरीर में कौन-सा अंग सबसे बड़ा होता है?
10. भारत में सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन कौन-सी है?




बच्चो, जीके क्विज-164 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-163 का उत्तर :** 1.इंदौर, 2.असीम कुमार घोष, 3.जैनिक सिनर, 4.यूलिया स्विरीडेंको, 5.ऋग्वेद, 6.भारत रत्न, 7.शाहजहां, 8.मिग-21, 9.नर्मदा नदी, 10.पोर्ट ब्लेयर

**जीके क्विज-163 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, ताशु-गरियाबंद, मेघा-झज्जर, कबीर-हिसार, अनन्या-रायपुर, तेजस-बालोद, सचिन-महासमुंद, राहुल-दुर्ग, विकास-रोहतक, कविता-बलौदा बाजार, संदीप-भोपाल

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां फ्रेंडशिप-डे पर पार्क में एक साथ एंज्वॉय कर रहे कुछ दोस्तों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट ये अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.आगे बाईं तरफ खड़े लड़के के बरमुडा/पैंट की लेथ अधिक है। 2.आगे खड़ी लड़की की डंगरी में पॉकेट बना हुआ है। 3.आगे खड़ी दूसरी लड़की के बाल खुले हुए है। 4.आगे बीच में खड़े लड़के की शर्ट बाहर है। 5.पीछे बाईं तरफ खड़ी लड़की का बायां हाथ नहीं दिख रहा है। 6.पीछे खड़ी दूसरी लड़की के हाथ में मोबाइल है। 7.आगे दाईं तरफ लड़के की व्हील-चेयर में आगे दो स्मॉल व्हील्स लगे हुए हैं।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ईशान को फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। उसे समझ में नहीं आ रहा है कि वहां तक कैसे पहुंचे। तुम ईशान को उसके दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## खबर संक्षेप

### प्रेरणा समूह ने शिक्षा क्षेत्र में बढ़ाया कदम

**चरखी दादरी।** समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय झांसी की रानी एक प्रेरणा समूह अब जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में भी संबल बनकर सामने आया है। समूह की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका प्रजापति ने बताया कि संस्था ने नई पहल की शुरू की है, जिसके तहत उन बच्चों को स्कूल की पुस्तकें, ड्रेस और अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जा रही है, जो पढ़ना तो चाहते हैं लेकिन संसाधनों की कमी उनके सपनों के बीच दीवार बन रही है। इस नेक अभियान की शुरुआत वीरवार को दादरी से हुई, जहां समाजसेवियों के सहयोग से कई बच्चों को शैक्षिक सामग्री प्रदान की। इसी कड़ी में

### रोटरी क्लब भिवानी ने वितरित की सिलाई मशीनें

**भिवानी।** रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन ने कीर्ति नगर स्थित सांस्कृतिक सदन में जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीने वितरित की। क्लब सचिव रोटेरियन निकिता असीजा ने कहा कि क्लब सदा ही समाज की भलाई के कार्यों के लिए तत्पर रहता है, इसलिए जरूरतमंदों को सिलाई मशीन प्रदान की, जिससे कि वह अपनी आजीविका चला सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी रोटेरियन लक्ष्मण गौड़ की भूमिका सराहनीय रही। सिलाई मशीन पाने वालों में पूजा, कविता, नेहा, लक्ष्मी, रजनी शर्मा, आशा रहे।

## शहीद उधम सिंह को संघर्ष समिति ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

# इंकलाब जिंदाबाद, शहीद उधम सिंह अमर रहे के नारों के साथ किया नमन

सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में कार्यालय पर शहादत दिवस का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। पुष्प अर्पित करते समिति के सदस्य।

सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में महेंद्रगढ़ रोड स्थित समिति कार्यालय में समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान की अध्यक्षता में शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद इन्कलाब जिंदाबाद, शहीद उधम सिंह अमर रहे के नारों के साथ समिति के महासचिव व कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के वाइस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल ने सभा का संचालन करते हुए कहा कि शहीद उधम सिंह का जन्म 26 दिसम्बर 1899 को पंजाब प्रांत के सुनाम गांव में कम्बोज सिख परिवार में हुआ था। उन्होंने कहा कि 1901 में उधम सिंह की माता व 1907 में उनके पिता का निधन हो गया। वे स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी एवं क्रांतिकारी थे। समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान ने कहा कि जलियांवाला बाग कांड के समय पंजाब के गवर्नर जनरल माइकल डायर को लन्दन में जाकर गोली मारी थी। जालवान ने यह भी कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड के 21 साल बाद 13 मार्च 1940 को रायल सैंट्रल एशियन सोसायटी की लन्दन के काक्सटन हाल में माइकल डायर की गोलियों से हत्या कर शहीद उधम सिंह ने बदला लिया। शहादत दिवस पर पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक जयपाल सिंह, कोली सभा के प्रधान तोताराम, वाल्मीकि समाज के राजेश चांवरिया, हरियाणा प्रदेश चमार महासभा के वित्त सचिव रामकुमार ढैणवाल, सह सचिव सुमेर सिंह गोठवाल, प्रमुख समाजसेवी कन्हैयालाल कलोरिया, खण्ड के प्रधान सुरेश नारनौलिया, कानूनी सलाहकार एडवोकेट भीमसिंह दहिया, बलबीर हुडीना, हरिराम सिरोहा, धर्मवीर कटारिया, अमरनाथ सिरोहा, सूबेसिंह गोठवाल, हजारीलाल खटावला, रामचंद्र सैनी, प्रवीण प्रजापत, सुमित आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। शहीद ऊधम सिंह के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यादव सभा ने शहीद ऊधम सिंह को किया याद

महेंद्रगढ़। यादव धर्मशाला में यादव सभा द्वारा वीरवार को शहीद ऊधम सिंह की शहादत को याद करते हुए बलिदान दिवस के रूप में भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यादव सभा के पदाधिकारी व सदस्यों ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनकी अमर गाथा को नमन किया। यादव सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह जैसे वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की आजादी का मार्ग प्रशस्त किया। उनकी कुर्बानी भारतवर्ष की आत्मा में रची-बसी है। ऊधम सिंह का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण और अत्याचार के खिलाफ अदम्य साहस का प्रतीक है। ऐसे क्रांतिकारी योद्धा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे। युवाओं से अपील की कि वे शहीदों के बताए रास्ते पर चलते हुए देशहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि केवल राष्ट्रभक्ति के नारों से नहीं, बल्कि अपने कर्मों और कर्तव्यों के माध्यम से देश के लिए कुछ कर दिखाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि शहीद ऊधम सिंह ने जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेकर न केवल क्रांतिकारी इतिहास रचा, बल्कि भारतीयों की आत्मा को भी गौरवान्वित किया। आज जो हम आजाद भारत में खुले आसमान में सांस ले रहे हैं, उसका श्रेय उन्हीं बलिदानियों को जाता है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए प्रेरित होकर आगे आना होगा। केवल तकनीकी विकास ही नहीं, सामाजिक और नैतिक मूल्यों की स्थापना भी जरूरी है। इस मौके पर प्रोफेसर बस्तीराम खैरवाल, डीपी महावीर लावण, जगदीश पायगा, रामस्वरूप बोहरा, छोटेलाल, रामकुमार सिंह, देशराज, सूबेसिंह, रामबीर ने शहीद को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।


महेंद्रगढ़। नांगल सिरोही में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर किया पौधारोपण

- पेड़-पौधे से हमारे जीवन में शुद्ध आक्सीजन और वातावरण मिलता हैं : चेयरमैन सुंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहीद सरदार उधम सिंह के बलिदान दिवस एसएलजी अमन फाऊंडेशन कार्यालय नांगल सिरोही पर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। शहीद उद्यम सिंह बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां-पिता के नाम से लगाकर संकल्प लिया कि पेड़ लगाना हमारे जीवन में बड़ा महत्व है, यहीं महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पेड़-पौधे से हमारे जीवन में शुद्ध आक्सीजन और वातावरण मिलता हैं। एसएलजी अमन फाऊंडेशन चेयरमैन सुंदर लाल जोरासिया ने बताया कि जांबाज सरदार उधम सिंह का जन्म पंजाब के संगरूर जिले में हुआ था। इनके माता-पिता की मृत्यु छोटी उम्र में ही हो गई थी। इनकी प्रारंभिक शिक्षा गुरुद्वारे में हुई। बैसाखी वाले दिन जलिया वाले बाग में जनरल डायर ने जलियांवाला बाग में मीटिंग के दौरान दरवाजे पर तोप लगा दी और गोली चलवा दी। जिसमें लगभग 3000 लोग मारे गए, कुछ कुएं में गिरकर मौत हो गई। उधम सिंह की उम्र उस समय बहुत ही कम थी लेकिन उन्होंने यह मंजर अपनी आंखों से देखा था, तब उधमसिंह ने इस नरसंहार का गौरों से बदला लेने की सोची थी। उधम सिंह ने 1931 में वाया जर्मन होते हुए लंदन गए थे। उन्होंने एक होटल में काम किया। उस समय इंग्लैंड में एक प्रोग्राम चल रहा था। इस अवसर पर अंगूरी देवी, अतरसिंह यादव, भोजराज नेपाली, अमन गौतम, आयुष गौत्तम, सुखबीर, ताराचंद, सुदेश, सुभाष चौहान, शेरसिंह पंच, दाताराम, राजेश मेहरा, रवि, सतवीर सिंह, आर्यन उपस्थित रहे।

# दौचाना में नि:शुल्क हेल्थ कैंप आयोजित

- सैकड़ों लोगों की मोतियाबिंद व आंखों के सभी रोगों की जांच के साथ साथ चश्मे भी नि:शुल्क वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। चिकित्सक टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली के पंचतत्व ट्रस्ट एवं डॉ. श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन गांव दौचाना में किया गया। शिविर में गांव के सैकड़ों लोगों की मोतियाबिंद व आंखों के सभी रोगों की जांच के साथ साथ चश्मे भी निःशुल्क वितरित किए गए। दौचाना के सरपंच मूलचन्द सेन, दिनेश सांखला व उनकी टीम ने शिविर की सम्पूर्ण व्यवस्था कर मरीजों की देखभाल करते हुए उनकी आखें जांच करवाने में सहयोग प्रदान किया। शिविर के आयोजनकर्ता समाजसेवी मनीराम यादव व राजकिरण यादव ने बताया कि आंखें जीवन का अमूल्य उपहार है, आओ हम सब मिलकर इनकी सुरक्षा संबंधित जानकारी प्राप्त करें व अपने नजदीक के सभी वर्गो की आंखों की निःशुल्क जांच कराएं तथा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। शिविर में करीब 350 मरीजों की आंखे जांच कर उनको दवाइयां व चश्मे निःशुल्क वितरित किए गए। इसके अलावा ऑपरेशन के लिए जरूरतमंद सात मरीजों को दिल्ली ले जाकर उनका मोतियाबिंद का सफल आपरेशन भी निःशुल्क करवाया गया। सात और मरीजों को अभी निःशुल्क ऑपरेशन के लिए दिल्ली हॉस्पिटल ले जाया जाएगा।

# शहीद उधम सिंह व मुंशी प्रेमचंद को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। शहीद उधम सिंह व मुंशी प्रेमचंद को नमन करते संगठन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन की ओर से वीरवार को शहीद उधम सिंह शहादत दिवस व मुंशी प्रेमचंद जयंती का आयोजन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने किया गया। इस अवसर पर एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा जब उधम सिंह 20 वर्ष के थे, उस समय देश में अंग्रेजों द्वारा बनाए काले कानून के खिलाफ देश के किसान मजदूर विरोध में उठ खड़े हुए थे। 13 अप्रेल 1919 को अमृतसर के जलियांवाले बाग में जब उसके खिलाफ जनसभा की जा रही थी, तो अंग्रेज हुकूमत के जनरल डायर ने हजारों लोगों पर गोलियां चलवाकर भून दिया था। उधम सिंह ने अत्याचार को अपनी आंखों से देखा था। 13 मार्च 1940 को जब लन्दन की एक सभा में डायर ने भारत विरोधी भाषण में पुनः दमन की हिमाकत की तो भरी सभा में उधम सिंह ने अपने पिस्तौल का निशाना बनाकर उसे ठण्डा कर दिया।उन्होंने कहा कि इस वीर सपूत महान देशभक्त को लंदन में फांसी हुई थी। ऑल इंडिया डीवाईओ के जिला सचिव सतीश कुमार ने कहा कि शहीद उधम सिंह ने बहादुरी पूर्ण व वीरता से इतिहास के ऐसे कायरता पूर्ण अपराध जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लिया। एआईयूटीयूसी जिला सचिव छाजूराम रावत ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद का कहना था कि हमारी कसौटी पर वही साहित्य खरा उतरेगा, जिसमें उच्च चिंतन हो।

# सेवानिवृत पर हुआ विदाई समारोह

- विदाई समारोह की शुरुआत छात्राओं के स्वागत गीत से हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर में व्याख्याता यशपाल सिंह व संस्कृत अध्यापक सुदर्शन शर्मा की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापक बिंदु यादव ने की, जबकि मंच संचालन पीजीटी कर्मवीर ने किया। शुरुआत छात्राओं के स्वागत गीत से हुई। इस मौके पर अतिथियों का माल्यार्पण, अंगवस्त्र, फूलदार पौधे व बुक्के देकर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में प्रसाद का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता यशपाल सिंह व सुदर्शन शर्मा द्वारा विद्यालय को दान स्वरूप पांच-पांच पंखें भेंट किए गए। इन दोनों ने क्रमशः 30 व 31 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। प्राधानाध्यापक बिंदु यादव ने दोनों ही शिक्षकों के कार्यकाल की प्रशंसा की। निजामपुर के सरपंच सुरेंद्र सिंह, व्याख्याता राजबाला, एडवोकेट प्रमोद ताखर, सतीश सिवाच, रोहताश लांबा, बाडमेर से कुंभाराम, अमरजीत बडेसरा, दलबीर बडेसरा, एडवोकेट नवनीत ढिल्लो, रामकुमार मकसूसपुरिया, अशोक शास्त्री, डीपीई रामसिंह राठी, एबीआरसी सुमन देवी एवं विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

## छात्र केएस शिखर का डूरंड कप में चयन, लद्दाख फुटबॉल क्लब से खेलेंगे



**नारनौल।** सिंघानिया विश्वविद्यालय को एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा, योग एवं खेल विज्ञान विभाग के एमबीए प्रथम वर्ष के छात्र केएस शिखर का चयन डूरंड कप-2025 के लिए लद्दाख फुटबॉल क्लब की टीम में हुआ है। यह चयन विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और खेलों में छात्र प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डूरंड कप, एशिया का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित फुटबॉल टूनार्मेंट है, जिसका यह 134वां संस्करण है। यह प्रतियोगिता 23 जुलाई से 23 अगस्त तक देश के विभिन्न शहरों में आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 24 टीमें छह ग्रुपों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। लद्दाख एफसी का पहला मुकाबला दो अगस्त को शाम चार बजे त्रिभुवन आर्मी फुटबॉल क्लब के साथ टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर में खेला जाएगा। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कैंपस निदेशक प्रो. पीएस जस्सल ने हर्ष व्यक्त करते हुए केएस शिखर को बधाई दी और कहा कि सिंघानिया विश्वविद्यालय सदैव से खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता रहा है। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए शुल्क में छूट एवं पूर्ण सहयोग की व्यवस्था है। हमारा लक्ष्य अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेलों में भी छात्रों को आगे बढ़ाना है। शारीरिक शिक्षा, योग एवं खेल विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश सिंह यादव ने बताया कि यह चयन सिंघानिया विश्वविद्यालय की खेल नीतियों और छात्र-केंद्रित प्रशिक्षण का प्रत्यक्ष परिणाम है। विश्वविद्यालय निरंतर अपने छात्रों को शारीरिक, मानसिक और व्यक्तित्व विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# डेंगू रोधी माह के तहत पीएचसी में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालडा बांस में स्वास्थ्य कर्मचारियों की मासिक बैठक का आयोजन चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीत शर्मा एवं दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमीष गोदारा की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. ममता नेहरा विशेष रूप से उपस्थित रही। बैठक का संचालन स्वास्थ्य निरीक्षक रणबीर सिंह एवं स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने किया। डॉ. जीत शर्मा ने स्वास्थ्यकर्मियों को डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम के लिए जागरूक किया। इस मौके पर आयुवेदिक चिकित्सा अधिकारी ममता नेहरा, एलएचवी रोशनी देवी, स्वास्थ्यकर्मी अशोक देवनगर, सतीश खैरवाल, कर्मवीर चौहान, उदय आईए, नर्सिंग आफिसर रेणु, स्नेह, एएनएम सुनीता, शकुंतला, कमला, प्रवीण, शर्मिला, रितु, मन्नू, रेणु कुमारी, सोनू, रचना, महीपाल, रवि, धोली समेत सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

TAGORE SEC. SCHOOL
An English Medium Co-Educational Cultural School (Nursery to x)
SAINIK SCHOOL
NAVODAYA SCHOOL
MILITARY SCHOOL
DEVNARAYAN
HOSTEL FACILITY
LIBRARY

ADMISSION OPEN 2025-26
BABERA ROAD, SANGTEDA, KOTPUTLI (RAJ) Contact Us : 9256537272, 9314153444
TAGORE COLLEGE
Dr. B.R. Ambedkar Law University, Jaipur
D-PHARMA
Limited Seats PCM, PCB
ADMISSION OPEN
LL.M 2 Year
LL.B 3 Year
For Admission : 9549210000, 8432044810

## आयोजन
### कथा के दौरान शिव भक्ति में डूबे नजर आए भक्त

# शिव महापुराण में भगवान शिव के परम प्रेम की कथा का मार्मिक वर्णन सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली


मंडी अटेली। राधा कृष्ण मंदिर में पांचवें दिन शिव सती की कथा सुनाते हुए।

राधाकृष्ण मंदिर में चल रही नौ दिवसीय शिवमहापुराण कथा में चित्रकूट धाम उत्तर प्रदेश से पधारे स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के कृपा पात्र शिवमहापुराण कथा के राष्ट्रीय कथा वाचक राष्ट्रीय संत स्वामी कमलदास बापू ने पांचवें दिन शिव सती चरित्र की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण में शिव और सती के चरित्र का वर्णन एक महत्वपूर्ण भाग है, जो भगवान शिव और देवी सती के जीवन और उनकी प्रेम कहानी को दर्शाता है। सती भगवान शिव की पहली पत्नी थी और उनकी भक्ति और प्रेम का प्रतीक थी। उन्होंने कहा कि सती का जन्म दक्ष प्रजापति की पुत्री के रूप में हुआ था। सती ने भगवान शिव को अपना पति बनाने के लिए कठोर तपस्या की और अंततः भगवान शिव ने उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया। कथा वाचक ने कहा कि सती के पिता दक्ष प्रजापति ने एक यज्ञ का आयोजन किया था, जिसमें उन्होंने भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया था। सती ने अपने पिता के यज्ञ में जाने का निर्णय किया, लेकिन वहां उन्हें भगवान शिव के प्रति अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़ा। इससे आहत होकर सती ने अपने पिता के यज्ञ में ही अपने प्राण त्याग दिए। उन्होंने कहा कि सती के प्राण त्यागने के बाद भगवान शिव ने सती के शव को लेकर पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा की। भगवान विष्णु ने सती के शव को अपने सुदर्शन चक्र से काटना शुरू किया, जिससे सती के शरीर के विभिन्न अंग विभिन्न स्थानों पर गिरे। इन स्थानों को शक्तिपीठों के रूप में पूजा जाता है। बाद में सती ने हिमालय के घर पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया और भगवान शिव से पुनः विवाह किया। शिव और सती की प्रेम कहानी एक पवित्र और शाश्वत प्रेम का प्रतीक है। भगवान शिव और सती का प्रेम न केवल इस जीवन में बल्कि आगे भी बना रहता है। उनकी प्रेम कहानी हमें प्रेम की शक्ति और भक्ति के महत्व को समझाती है।

## खातोद की बेटी मनीषा ने आल इंडिया 345 रैंक किया


- डॉ. मनीषा यादव ने यह मुकाम पहले प्रयास में ही हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


डॉ. मनीषा यादव

गांव खातोद की बेटी डॉ. मनीषा यादव ने एआईएपीजीईटी-2025 टेस्ट में आल इंडिया रैंक 345 हासिल की हैं। डॉ. मनीषा यादव ने यह मुकाम पहले प्रयास में ही हासिल किया है। डॉ. यादव की केटेगरी रैंक 154 है। उन्होंने बताया कि इस टेस्ट में तीन लाख बच्चों ने हिस्सा लिया था।

अब आगे चलकर वह गायनोइकलॉजी डिपार्टमेंट से पीजी करेंगी व देश के मेडिकल क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी। डॉ. यादव ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादा रामशरण व दादी कमला देवी व माता-पिता को दिया हैं। डॉ. यादव के पिता सतीश कुमार भारतीय सेना में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं और इनकी माता सुनीता गृहणी हैं। डॉ. यादव ने अपनी मेडिकल स्नातक कि पढ़ाई देश के उच्चतम संस्थान नेशनल इंस्टिट्यूट आफ आयुर्वेद से की हैं। इससे पहले डॉ. यादव ने अपनी स्नातक में भी वह यूनिवर्सिटी टॉपर रही हैं। इस मौके पर गांव खातोद में डॉ. यादव के घर में खुशी का माहौल है।

OM SHANTI

It is with great sorrow that we inform you of the passing of our beloved father
CH. RAM CHANDER ADVOCATE
on Friday, 25th July 2025
Rasam Kriya
Will take place on Sunday, 3rd August 2025
CL Farms, Rewari Road, Narnaul
Prayer and Shradhanjali : 11.30am - 12.30pm
Prasad Lunch :12.30pm - 2.30pm
Pagri Rasam : 3pm - 4pm
With deepest regards and love,
Mrs Geeta Chaudhary (Wife)
Ashwini Chaudhary (Son), Vipin Chaudhary (Son),
Deepika Chaudhary (Daughter)

## खबर संक्षेप

### यूपीएस के विरोध में आज मनेगा ब्लैक डे निकालेंगे रोष मार्च

**नारनौल।** प्रदेश में यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू करने पर प्रदेश के कर्मचारियों/अधिकारियों में भारी नाराजगी है। कर्मचारियों का कहना है कि एनपीएस और यूपीएस की उनकी कभी मांग ही नहीं रही। पहले एनपीएस और अब यूपीएस को जबरदस्ती थोपा जा रहा है।

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के जिला प्रधान सुरेन्द्र यादव ने बताया कि विरोध में एक अगस्त को ब्लैक डे के तौर पर मनाया जाएगा। सभी विभागों के कर्मचारी एक अगस्त को अपने कार्यस्थल पर काले कपड़े और काली पट्टी बांध अपना विरोध दर्ज करवाएंगे और सभी जिला मुख्यालयों पर यूपीएस के विरोध में रोष मार्च निकाल उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। जिला प्रधान ने बताया कि नारनौल में सभी विभागों के कर्मचारी एक अगस्त को दोपहर बाद 3:30 बजे पंचायत भवन में एकत्रित होकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

### प्रधानमंत्री कल जारी करेंगे पीएम किसान निधि की 20वीं किस्त

**नारनौल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अगस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान (प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना) की 20वीं किस्त जारी करेंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर देश भर के 9.8 करोड़ से अधिक किसानों को 21000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए डीडीए डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि इस किस्त से हरियाणा के किसानों को भी महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। राज्य के 16.38 लाख किसानों को सीधे उनके खातों में किस्त प्राप्त होगी। इसके साथ ही जिले में लगभग एक लाख पात्र किसानों को भी योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पीएम किसान एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। जिसे 24 फरवरी 2019 को शुरू किया गया था। इस योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की वित्तीय सहायता तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। 20वीं किस्त के जारी होने के साथ ही योजना के तहत कुल संवितरण 3.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा, जो किसानों की आर्थिक मजबूती में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### कपास बाजरे की फसल जलमग्न, नुकसान की संभावना

# कनीना में तीसरे दिन हुई 59 एमएम बरसात, सड़कों पर जमा पानी

**सड़कें क्षतिग्रस्त होने से बढ़ रही हादसों की संभावना, सड़क में बने गड्ढों का पैचवर्क करने के लिए लोकनिर्माण विभाग से उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना


कनीना। सड़क पर जमा बारिश का पानी। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र में वीरवार को हुई 59 एमएम बारिश के बाद सड़कों पर पानी जमा हो गया है। वहीं कपास व बाजरे की फसल जलमग्न हो गई हैं। पानी जमा होने से नुकसान की संभावना बनने लगी है। पिछले तीन दिन से रूक रूककर हो रही बारिश के बाद उमसभरी गर्मी से निजात मिली है। तापमान में भी गिरावट आई है। क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री व अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। किसानों की माने तो सप्ताहभर पूर्व सिंचाई के अभाव में फसल मुरझाने लगी थी, लेकिन अब अत्यधिक बारिशस होने के बाद बारिश का पानी फसलों में जमा हो गयास है। कनीना के उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. अजय यादव ने बताया कि ब्लॉक में करीब 33 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से करीब 20484 हेक्टेयर में बाजरा, 8114 में कपास, 674 में हरा चारा, 116 में ग्वार सहित अरहर तिल आदि की खेती की गई है। उन्होने कहा कि सप्ताहभर बारिश का अनुमान है।

दूसरी ओर महेंद्रगढ़ कनीना कोसली स्टेट हाईवे 24 पर उन्हाणी के समीप रामपुरी रजवाहे के लीकेज साइफन के स्थान पर पानी जमा होने व क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग से हालात और अधिक खराब होते जा रहे हैं, अटेली मोड़, बस स्टैंड, गाहड़ा रोड सहित विभिन्न निचले स्थानों की हालत भी दयनीय बनती जा रही है। जिससे यात्रियों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कनीना में लोक निर्माण विभाग की ओर से बीते वर्ष सड़क के दोनों ओर बनाए गए नाले तक दुकानदारों द्वारा मिट्टी डाले जाने से सड़क पर जलभराव हो गया है। जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों ने उपमंडल व नगरपालिका प्रशासन से पानी निकासी की गुहार लगाई है।

#### पंपसेट से निकाला जा रहा पानी: डॉ. रिंपी



*नगर पालिका की चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा ने कहा कि मानसून से पूर्व नालों की सफाई करवाने के साथ साथ जोहड़ों की छटाई करवाई गई थी। फिर भी निचले स्थानों पर जमा पानी को पंपसेट लगाकर निकाला जा रहा है। लोक निर्माण विभाग की ओर से नाले का कार्य अधूरा छोड़ने तथा जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त नहीं करने की वजह से हालात बिगड़ने की संभावना है। हालांकि नपा की टीम जलभराव वाले स्थानों पर नजर रख रही है। सड़क पर पानी नहीं ठहरने देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।*

*-डॉ. रिंपी लोढ़ा, चेयरपर्सन नपा कनीना*

#### जिले में अब तक हुई मानसून सीजन में 520 एमएम बारिश

**नारनौल।** पिछले दो दिनों से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मानसून अपनी लय व सुरताल में देखने को मिल रहा है। उत्तरी जिलों को छोड़कर सम्पूर्ण इलाके में झमाझम बारिश की जबरदस्त गतिविधियों से दिन व रात के तापमान में गिरावट और उमसभरी पसीने छुटाने वाली गर्मी से आमजन को राहत मिली है। बुधवार को हरियाणा के पश्चिमी जिलों में जबरदस्त बारिश, जबकि वीरवार को प्रदेश के पश्चिमी दक्षिणी व पूर्वी जिलों के साथ मध्यवर्ती जिलों में जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिनों तक हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार मानसून सक्रिय बना रहेगा। जिला महेंद्रगढ़ पर मौसम प्रणाली का असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। जिले में पिछले 24 घंटों से लगातार उमड़ घुमड़ कर बादलों की आवाजाही बनी हुई है और लगातार रिमझिम बारिश तो कभी झमाझम बारिश दर्ज की जा रही है। जिले में एक जून से 31 जुलाई तक 520 एमएम बारिश दर्ज हुई है, जबकि इस दौरान जिले में 201.8 एमएम सामान्य बारिश होती है, जो सामान्य से 158 प्रतिशत अधिक है। मानसून के आगमन से ही लगातार जिले पर मानसून मेहरबान बना हुआ है। पिछले 24 घंटों से जिले पर झमाझम बारिश की गतिविधियां देखने को मिल रही है। वीरवार को जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन और रात का तापमान क्रमशः 29.5, 23.8 डिग्री सेल्सियस व 29.0, 25.1 दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि वर्तमान में मानसून टर्फ रेखा राजस्थान के सूरतगढ़ से हरियाणा के हिसार से होते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर बने निम्न दबाव के क्षेत्र से होकर बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ से प्रेरित एक चक्रवातीय सर्कुलेशन पश्चिमी हरियाणा पर बना हुआ है। जिसकी वजह से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में एक साथ पश्चिमी जिलों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, दक्षिणी जिलों रेवाड़ी, गुड़गांव, पलवल, फरीदाबाद, नूंह मेवात साथ ही साथ पूर्वी जिलों सोनीपत, पानीपत, करनाल व मध्यवर्ती रोहतक, झज्जर के साथ जींद, कैथल में झमाझम बारिश की गतिविधियां देखने को मिल रही है।

## बसपा नेता ने जलभराव की समस्या का लिया जायजा


नारनौल। कस्बे में जलभराव की समस्या का जायजा लेते बसपा नेता अतरलाल।

■ **जल भराव के कारण लोगों को उठानी पड़ रही भारी परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बरसात के कारण अटेली विधानसभा क्षेत्र के कनीना व अटेली कस्बे के कई स्थानों पर जल भराव के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने अटेली कस्बे की अनाज मंडी, तहसील व खंड कार्यालय नया बस स्टैण्ड चौक, रेलवे रोड, राधा कृष्ण मंदिर, धनौन्दा मोड़, नारनौल रेवाड़ी रोड का दौरा कर जल भराव की स्थिति का जायजा लिया तथा लोगों की परेशानी को जाना।

उन्होंने कनीना के वार्ड नम्बर 12, संगम कॉलोनी, एससी बस्ती, बाबा मोलड़नाथ मार्ग, गुढ़ा, कैमला, खेड़ी, बाघोत गांवों का दौरा कर वहां की जल भराव की समस्या का भी जायजा लिया। दौरा के बाद अतरलाल ने कहा कि टूटी सड़कों और जल निकासी की समूचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जल भराव के कारण व्यापारी वर्ग का कारोबार ठप्प सा हो गया है। उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कस्बे में अनेक स्थानों ने जल भराव के कारण तालाबों का रूप ले लिया है। जिसके कारण आम लोगों का जीवन भी अस्त व्यस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार तथा प्रशासन बरसात से पहले सड़कों की मरम्मत तथा पानी की समुचित निकासी का प्रबन्ध करने में पूर्णतया विफल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण लोगों में भारी रोश व्याप्त है।

उन्होंने सरकार व प्रशासन से तत्काल पानी निकासी के समुचित प्रबंध कर लोगों को राहत देने की मांग की।

## श्री कृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाली में लगाई सवामणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली


मंडी अटेली। छठी पुण्य तिथि पर गोवंश के लिए सवामणी लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्री कृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाली में वीरवार को गांव काठूवास निवासी मास्टर मुरारी लाल पुत्र गुरुदयाल जोशी अपनी धर्मपत्नी भगवती देवी की छठी पुण्य तिथि पर गौवंश के लिए सवामणी लगाकर धर्मलाभ कमाया। उन्होंने अपने परिजनों व परिचित सज्जन सिंह, पुर्व सरपंच महेंद्र सिंह,मनोज कुमार, अंकित, चंद्रकांत, हरि प्रकाश, पुर्व चेयरमैन सतेन्द्र यादव,भावीक तथा सहीराम के साथ मिलकर गेहूं, बाजरे, गुड़ व तेल का दलिया बनाकर गोवंश को खिलाया तथा प्रसाद वितरण किया। उन्होंने कहा कि गोवंश की सेवा करना सबसे बड़े पुण्य का कार्य है। मानव को समय-समय पर अपनी नेक कमाई से दान पुण्य करते रहना चाहिए। इसी कड़ी में उन्होंने 51 सौ रुपये की नगद राशि गोशाला कमेटी कों दान स्वरूप भेंट की। उन्होंने पर्यावरण को बढ़ावा देते हैं, बड व पीपल के पौधे भी लगाएं तथा समय-समय पर उनकी देखरेख करने की भी प्रेरणा ली। मौके पर प्रधान महावीर सिंह, मेनेजर बलबीर सिंह, बद्री प्रसाद, कर्नल हरिसिंह, सत्यवीर यादव, सुरेंद्र सिंह, वेदप्रकाश आदि मौजूद थे।

## मोहल्ला मिश्रवाड़ा में नागपुरियों की बावड़ी का जीर्णोद्धार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। बावड़ी का निरीक्षण करते पूर्व चेयरमैन गोविंद भारद्वाज एवं अन्य।

मोहल्ला मिश्रवाड़ा में स्थित बावड़ी, जो नागपुरियों की बावड़ी के नाम से जानी जाती है, का हरियाणा एग्रो के पूर्व चेयरमेन गोबिंद भारद्वाज ने पूर्व पार्षद दयानंद सोनी, बीजेपी पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष संघी एवं पूर्व पार्षद बलदेव सिंह चहल के साथ निरीक्षण किया।

पूर्व चेयरमैन ने बताया कि ऐसे स्थल समाज की धरोहर हैं और सरकार ऐसी धरोहरों की देखरेख करने के लिए कटिबद्ध हैं। हम सरकार से इस बावड़ी की देखरेख एवं जीर्णसीर्ण व्यवस्था को ठीक करने के लिए की मांग उठाते हैं और इसके लिए अनुदान राशि स्वीकृत कराने का प्रयास करेंगे। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश सरकार हमारी जनहितैषी मांग को समझेगी और इस बावड़ी को ओर अधिक आकर्षक और सुंदर रूप देगी।


नारनौल। नहर से गाय को निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस ने नहर से दो गायों को सुरक्षित निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस ने बारिश के मौसम में नहर में फंसी दो गायों को सफलतापूर्वक निकालकर एक सराहनीय कार्य किया है। पुलिस कंट्रोल रूम को कुलताजपुर रोड के पास नहर में दो गायों के गिरने की सूचना मिली थी। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई की गई। सूचना मिलते ही थाना शहर प्रबंधक मुकेश कुमार अपनी टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का आकलन किया और गायों को सुरक्षित निकालने के लिए तुरंत एक जेसीबी की व्यवस्था की। पुलिस टीम व जेसीबी ऑपरेटर के अथक प्रयासों से दोनों गायों को बिना किसी चोट के नहर से बाहर निकाल लिया गया।

लोगों ने पुलिस के इस मानवीय व त्वरित कार्य की जमकर सराहना की है। निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस हमेशा जनसेवा के लिए तत्पर है और किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों की सहायता के लिए तैयार रहेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### देवनगर में मोटा महादेव का जागरण भंडारा और कुश्ती दंगल चार को

**महेंद्रगढ़।** गांव देवनगर (चामधेड़ा) स्थित प्रसिद्ध मोटा महादेव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी सावन के अंतिम सोमवार को विशाल जागरण, भंडारे एवं भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सुबह 10 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। मोटा महादेव मंदिर ट्रस्ट के सचिव संसार चंद और कैशियर अशोक कुमार देवनगर ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम पूज्य महंत भवानी शंकर गिरी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। जागरण में प्रसिद्ध कलाकार योगेश डागर, दीप यादव निराला, नीशा जांगड़ा, तन्नू डांसर, गीता चौधरी, सुभाष दोचानिया, सुनील कुमार, शिव कुमार यादव एवं गायक देशराज एंड पार्टी भगवान शिव की भक्ति में डूबी प्रस्तुतियां देंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में आकर्षक व मनमोहक झांकियां भी श्रद्धालुओं को देखने को मिलेंगी। इस दिन बाबा का विशाल मेला भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें 100 रुपये से लेकर 21,000 रुपये तक की कुश्तियां करवाई जाएंगी। कुश्ती में रेफरी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। विजेता पहलवानों को इनाम शिव मंदिर कमेटी की ओर से प्रदान किए जाएंगे। भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था रहेगी, जिसमें सभी को बैठाकर भोजन करवाया जाएगा।

### पाथेड़ा में विश्व कल्याणार्थ शिव महापुराण कथा आज से

**महेंद्रगढ़।** गांव पाथेड़ा स्थित शिव सती मंदिर में एक अगस्त से श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन आरंभ होगा। यह आयोजन विश्व कल्याण की कामना से ग्रामीणों के सहयोग से किया जाएगा। कथा की शुरूआत शुक्रवार को प्रातः आठ बजे भव्य कलश यात्रा से होगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व श्रद्धालु भाग लेंगे। कलश यात्रा के उपरांत प्रतिदिन शिव महापुराण की पावन कथा मोहित दास के श्रीमुख से संपन्न होगी। साथ ही हर दिन पार्थिव शिवलिंग पूजन भी विधिपूर्वक संपन्न किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं को बाबा बीरेंद्रानंद महाराज का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। आयोजन से जुड़े सत्यप्रकाश फौजी, राजकुमार व डॉ. हरेंद्र ने बताया कि यह आयोजन समस्त ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य धार्मिक जागरूकता के साथ-साथ गांव में सद्भावना और अध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना है।

## पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर का थाना गांव में किया स्वागत


नारनौल। थाना गांव में पूर्व सांसद को गुलदस्ता भेंट करते गजेंद्र ठेकेदार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पूर्व सांसद एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ढोसी की पहाड़ी च्यवन ऋषि धाम घूमने आए। इस दौरान गांव थाना में अपने कर्मठ कार्यकर्ता गजेंद्र ठेकेदार के घर पर चाय नाश्ता किया और आने वाले समय के लिए कुछ राजनीतिक चर्चा की।

इस मौके पर गांव के सरपंच सुमित, जयप्रकाश बड़गांव, सरपंच ग्यारसी लाल नंबरदार, प्रदेश अध्यक्ष लेबर डिपार्मेंट सुजीत, धर्मपाल चौधरी, तेजवीर चौधरी, दयानंद चौधरी, नरेश सेठ, दीपक सेठ, मनोज, सुबेसिंह सरपंच, सतीश पंडित, ईश्वर पंडित, समर पंडित, आकाश निवाजनगर, सुरेश पंडित, समर सुपरीटेंडेंट सिविल हॉस्पिटल, कल्याण अधिकारी सुमेर बाबूजी, कुलदीप भरगढ़, अमित राज, मनोज धनवाल, रमेश मास्टर और भी काफी लोग मौजूद रहे।


नारनौल। सेवानिवृत्ति पर महिला को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सिहमा में चम्पा देवी की एलएचवी सेवानिवृत्ति

**नारनौल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहमा में चम्पा देवी एलएचवी की सेवानिवृति पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. तनुज ने की। कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्यकर्मी राजकुमार ने किया। इस अवसर स्वास्थ्य निरीक्षक रामफल ने सेवानिवृत्त स्वास्थय निरीक्षक चम्पा देवी के सादगी भरा जीवन एवं उनके अच्छे कार्य बारे में एक रागिनी के द्वारा सुनाकर सबका मन जीत लिया। कर्मचारी संगठन के पूर्व राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश चौहान ने उनको हरियाली का प्रतीक पौधा भेंटकर उनको शुभकामनाएं दी। चम्पा देवी बहुत ही मिलनसार स्वभाव की कर्मचारी रही हैं। समारोह में डा. तनुज, नर्सिंग ऑफिसर साधना, स्वास्थ्यकर्मी सुदेश, मनोज, संदीप, पवन, नेमीचंद फार्मेसी ऑफिसर, शीला आईए, सरिता व सुमन ने उनको पगड़ी पहनाकर और शाल उढाकर सम्मानित किया। इस मौके पर बहु उद्धेश्य स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की तरफ से जिला प्रधान धर्मवीर यादव, लक्ष्मण, विपिन, मनोज, महेश, सतीश, गुलाब, अख्तर अली आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्तिथ रहे।

## हुडा के बरसाती पानी एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर नप अधिकारियों को लीगल नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



वार्ड नंबर 31 के पार्षद कपिल यादव ने अपने अधिवक्ता के बजरिये नगर परिषद के अधिकारियों को एक लीगल नोटिस जारी करवाया है। जिन्हें नोटिस जारी किया गया है, उनमें कार्यकारी अभियंता हुडा, एसडीओ हुडा, जेई हुडा, कार्यकारी अभियंता नगर परिषद, जेई एवं एमई नगर परिषद शामिल हैं।

पार्षद कपिल यादव का कहना है कि वार्ड नंबर 31 के अधीन नारनौल शहर का हुडा सेक्टर का क्षेत्र भी आता है, जिसकी साफ सफाई और बरसाती पानी की निकासी की जिम्मेवारी नगर परिषद अधिकारियों की बनती है। उन्होंने बताया कि हुडा सेक्टर के निवासियों से मेंटीनेंस के नाम से नगर परिषद राशि वसूलती रही है, लेकिन अपनी जिम्मेवारी पीछे हट रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बरसात का मौसम चल रहा है तथा हुडा सेक्टर में बरसात का पानी भरने से लोगों को घरों के सामने, आवागमन के रास्तों व हुडा सेक्टर के मुख्य मार्गों पर जमा रहता है। बार-बार आग्रह भी किया गया कि बरसाती पानी की निकासी सुचारु रूप से कर दी जाए, लेकिन आपने उनकी प्रार्थना पर कोई गौर नहीं किया। उन्होंने बताया कि हुडा सेक्टर के तमाम पार्कों में बरसात का पानी भर गया है तथा यह पानी कई महीनों से खड़ा रहने के कारण पार्कों क हालत बेहद खराब हो गई है। यहां के लोगों ने पार्क जाना ही बंद कर दिया है। पिछले साल वर्ष 2024 में एक मासूम बच्चा उधम सिंह पार्क में डूबकर मर गया था, लेकिन इसके बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इससे यहां के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात का पानी जमा होने से गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। हुडा सेक्टर में रह रहे लोगों को डर के माहौल में जीना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा कई रास्तों को कई महीनों से खोदा हुआ है तथा उनका पुनर्निर्माण नहीं किया जा रहा है, इससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। दुर्घटनाओं भी खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि सेक्टर में आवारा पशु सड़क पर घूमते रहते हैं। आवारा सांड आपस में लड़ते रहते हैं, जिससे लोगों को खतरा रहता है। आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ चुकी है, जो लोगों को काटते रहते हैं। इससे लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। पार्षद के अधिवक्ता राकेश कौशिक एडवोकेट ने नगर परिषद के अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए लिखा है कि नोटिस प्राप्ति के 15 दिन के अंदर-अंदर उपरोक्त समस्याओं का निराकरण कर दिया जाए अन्यथा मियाद नोटिस गुजरने के बाद आपके खिलाफ सक्षम न्यायालय में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।